क्रिकेट | स्वर्गीय आरएस त्रिपाठी क्रिकेट प्रतियोगिता

# एलपीआर बॉयज और स्टाइल बॉयज ने जीता फाइनल




**नवभारत, जबलपुर।** सुरक्षा कर्मचारी यूनियन इंटक खमरिया के तत्वाधान में खेली जा रही स्वर्गीय आर. एस. त्रिपाठी डे-नाइट टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता में खेले गए दो रोमांचक फाइनल मुकाबलों में एलपीआर बॉयज ने एफ 4 को और स्टाइल बॉयज ने एमएमके हम्मद को हराकर शानदार जीत दर्ज की, जिसके चलते एलपीआर बॉयज और स्टाइल बॉयज फाइनल की विजेता बनी। इन दोनों कड़े मुकाबलों में विजेता टीमों ने अपने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन दिखाया। मैदान पर दर्शकों को दोनों मैचों के दौरान खिलाड़ियों के बीच जबरदस्त टक्कर देखने को मिली।

खिताबी जंग के पहले हाई-वोल्टेज मुकाबले में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी एलपीआर बॉयज ने निर्धारित 10 ओवरों में 96 रनों का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया, जिसमें ठाकुर मुर्मू ने विपक्षी गेंदबाजों की धुनाई करते हुए मात्र 14 गेंदों पर 33 रनों की आतिशी पारी खेली। जवाब में 97 रनों के कड़े लक्ष्य का पीछा करने उतरी एफ4 दबाव में पूरी तरह बिखर गई और निर्धारित 10 ओवरों में महज 51 रन ही बना सकी। इसके साथ ही एलपीआर बॉयज ने 45 रनों के विशाल अंतर से एकतरफा जीत दर्ज कर ट्रॉफी पर कब्जा किया, जहाँ ठाकुर मुर्मू को उनके शानदार खेल के लिए मैन ऑफ द मैच चुना गया। वहीं दूसरे फाइनल मुकाबले में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला करने वाली स्टाइल बॉयज ने मैदान पर चौके-छक्कों की बरसात करते हुए 10 ओवरों में 111 रनों का विशाल स्कोर बोर्ड पर टांग दिया, जिसमें निखिल ने महज 23 गेंदों पर 51 रनों की विस्फोटक अर्धशतकीय पारी खेली। पहाड़ जैसे लक्ष्य का पीछा करने उतरी एमएमके हम्मद ने कड़ा संघर्ष किया, लेकिन स्टाइल बॉयज की कसी हुई गेंदबाजी के आगे उनकी पूरी टीम 9.3 ओवरों में 97 रनों पर ऑल आउट हो गई। इस तरह स्टाइल बॉयज ने यह मुकाबला 14 रनों से जीतकर चैंपियनशिप अपने नाम की, और मैच में शानदार प्रदर्शन करने वाले निखिल सिंह को मैन ऑफ द मैच चुना गया। प्रतियोगिता के अंतर अनुभागीय वर्ग में बेस्ट बैट्समैन निखिल यादव, बेस्ट बॉलर व बेस्ट ऑलराउंडर दीपक एवं हिमांशु और आउटस्टैंडिंग परफॉर्मर अजय गोंटिया चुने गए। वहीं ओपन मुकाबले में बेस्ट बैट्समैन अतुल ताम्रकार, बेस्ट बॉलर रिज़वी, बेस्ट ऑलराउंडर निखिल और बेस्ट परफॉर्मर राहुल यादव रहे। आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में आयुध निर्माणी खमरिया के मुख्य महाप्रबंधक शैलेश वगेरवाल, अरुण दुबे, यश रोहाणी, पार्षद दामोदर सोनी, आलोक मिश्रा, सम्मति सेनी और टीआई उमेश गुलानी उपस्थित रहे। मैच में अंपायर की भूमिका विद्यापति श्रीवास्तव, अनुपम भौमिक, मुकेश मैडी एवं कमलेश तिवारी ने निभाई, जबकि कमेंटेटर सुनील खत्री, चंद्रमणि मरावी एवं ठाकुर गजेंद्र पाल सिंह रहे और स्कोरिंग का दायित्व चंदन एवं सुनील ने संभाला।




# जबलपुर क्लब का दूसरी बार ट्रॉफी पर कब्जा

सीएन सुब्रह्मण्यम स्मृति अंडर 19 क्रिकेट प्रतियोगिता

**जबलपुर 31 मई।** सीएन सुब्रह्मण्यम स्मृति अंडर 19 वर्षीय प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला जबलपुर क्रिकेट क्लब विरूद्ध कटनी जिले के मध्य ओलिंपिक ग्राउंड ईस्ट लैंड खमरिया में खेला गया। इसमें जबलपुर क्रिकेट क्लब ने कटनी जिले को 5 विकेट से पराजित कर लगातार दूसरी बार ट्रॉफी पर कब्जा किया।

कटनी जिले ने बल्लेबाजी करते हुए 128 रन बनाए। पहले विकेट के लिए यश तिवारी 25 और लकी मेहरा 30 ने 54 रन जोड़े। इसके बाद शिखर श्रीवास्तव ने 22 तथा प्रतीक खरे ने 18 रन की पारियां खेली। जबलपुर क्रिकेट क्लब से आर्य पटेल ने 4, अनुभव सिंह ठाकुर ने 3 तथा अमित कुमार ने 2 विकेट लिए।

## शुभम ने लगाया नाबाद अर्धशतक

जवाब में जबलपुर क्रिकेट क्लब ने शुरुआत में 13 रन पर 2 विकेट गंवा दिए, मगर शुभम यादव के नाबाद 66 तथा शौर्य पचौरी के 22 रन ने लड़खड़ाती पारी को संभाला और 5 विकेट पर 130 रन बनाकर जीत दिला दी। कटनी जिले से सुमित सिंह ने 3 तथा यश तिवारी ने एक विकेट लिया। मैच के अम्पायर अशोक सिंह, विद्यापति श्रीवास्तव तथा स्कोरर सिमरन रही।

## मैन ऑफ द सीरीज बने अनुभव सिंह

प्रतियोगिता के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज यश तिवारी 173 रन, सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज अमित कुमार 6 विकेट तथा मैन ऑफ द सीरीज अनुभव सिंह ठाकुर 114 रन तथा 8 विकेट तथा फाइनल मुकाबले के मैन ऑफ द मैच शुभम यादव 66 नाबाद को पुरस्कृत किया गया। विजेता तथा उपविजेता की ट्रॉफी मध्य प्रदेश रणजी ट्रॉफी तथा दलीप ट्रॉफी खिलाड़ी प्रशांत द्विवेदी मुख्य अतिथि, महाप्रबंधक ओएफ खमरिया अशोक मिश्रा विशिष्ट अतिथि, धर्मेश भाई पटेल पूर्व सचिव जबलपुर सम्भागीय क्रिकेट संघ, डेविड सचिव कटनी जिला क्रिकेट संघ द्वारा प्रदान की गई।

# देवेंद्र कुमार कतिया एडवांस कोर्स में हुए शामिल



**नवभारत,जबलपुर।** पश्चिम बंगाल के गंगापुर में भारत स्काउट्स एवं गाइड्स स्टेट ट्रेनिंग सेंटर में गत 23 से 29 मई तक बेसिक स्काउट, बेसिक कब मास्टर, बेसिक रोवर स्काउट लीडर एडवांस स्काउट मास्टर, एडवांस कब मास्टर, एडवांस रोवर स्काउट लीडर कोर्स का आयोजन किया गया। जिसमें 90 प्रतिभागी 30 लीडर ट्रेनर और सर्विस स्टाफ समेत कुल 120 सदस्यों ने इस बेसिक एवं एडवांस प्रशिक्षण में भाग लिया था जिसमे पश्चिम मध्य रेल जबलपुर मंडल के अपर मण्डल रेल प्रबंधक दिनेश कुमार कमाले, मण्डल कार्मिक अधिकारी (प्रभारी) वरुण चतुर्वेदी, मण्डल वणिज्य प्रबंधक नितेश कुमार सोने, सहा. कार्मिक अधिकारी कल्याण सचिपति नंदन, जिला सचिव अनिल चौबे, जिला संगठन आयुकत (स्काउट) विमलेश तिवारी, जिला प्रशिक्षण आयुक्त (स्काउट) आशीष सोनकर, सयुक्त जिला सचिव संजीव तिवारी के मार्गदर्शन में देवेंद्र कुमार कतिया इस प्रशिक्षण मे भाग लिया एवं सफलता से उत्तीर्ण किया।

## डॉ. पर्व परमार बने पत्रकार महासंघ के उपाध्यक्ष

नवभारत, जबलपुर । भारतीय श्रमजीवी पत्रकार महासंघ, नई दिल्ली द्वारा संगठन विस्तार एवं पत्रकार हितों को सशक्त बनाने के उद्देश्य से जबलपुर संभाग की नवीन कार्यकारिणी में महत्वपूर्ण दायित्वों की घोषणा की गई है। इस क्रम में युवा शिक्षाविद् एवं सामाजिक कार्यकर्ता डॉ. पर्व परमार को जबलपुर संभाग का संभाग उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। उनकी नियुक्ति पर पत्रकार एवं सामाजिक क्षेत्र से जुड़े लोगों ने हर्ष व्यक्त करते हुए शुभकामनाएँ प्रेषित की हैं।जबलपुर संभाग के अध्यक्ष पद पर अनुराग कोरी, संभाग महासचिव पद पर मनीष जैन तथा प्रदेश उपाध्यक्ष के रूप में उमेश मिश्रा संगठन को मजबूती प्रदान कर रहे हैं। वहीं महासंघ का राष्ट्रीय नेतृत्व नई दिल्ली से राष्ट्रीय अध्यक्ष गोपाल मिश्रा के मार्गदर्शन में कार्य कर रहा है एवं प्रदेश स्तर पर महासंघ सलमान खान के नेतृत्व में कार्यरत है।





# रोटरी क्लब के बाल प्रशिक्षण शिविर का समापन

**नवभारत,जबलपुर।** रोटरी क्लब ऑफ जबलपुर द्वारा 'कदम' एवं सरस्वती शिशु मंदिर के सहयोग से आयोजित 25 दिवसीय ग्रीष्मकालीन बाल प्रशिक्षण शिविर का सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ सफलतापूर्वक समापन हुआ। 6 मई से 30 मई तक चले इस निःशुल्क शिविर में 150 से अधिक बच्चों ने लोक कला, लोक नृत्य, संगीत, अभिनय, चित्रकला तथा व्यक्तित्व विकास विधाओं का प्रशिक्षण लिया। समापन समारोह में बच्चों ने अर्जित कौशल का शानदार प्रदर्शन किया, जहाँ लोक नृत्य, समूह गीत और नाट्य प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. सुधीर अग्रवाल ने की। मुख्य अतिथियों के रूप में पूर्व प्रांतपाल अखिल मिश्र, कदम संस्था के संस्थापक योगेश घनोरे, विद्या भारती महाकोशल प्रांत के संगठन मंत्री अमित दवे, कोषाध्यक्ष विष्णुकांत ठाकुर तथा राजीव चतुर्वेदी सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। अतिथियों ने कहा कि ऐसे प्रशिक्षण शिविर बच्चों के सर्वांगीण विकास, आत्मविश्वास निर्माण एवं भारतीय संस्कृति से जुड़ाव का सशक्त माध्यम हैं। उन्होंने इस संयुक्त प्रयास को समाज के लिए प्रेरणादायी पहल बताया। शिविर को सफल बनाने में कदम संस्था के कृष्णकांत दीक्षित, सरस्वती शिशु मंदिर के व्यवस्थापक विवेक चौधरी, रोटरी क्लब के अध्यक्ष अरुण गुप्ता, सचिव अभिषेक अग्रवाल, कोषाध्यक्ष अनिल अग्रवाल, अरुण खर्ड, अंजुल जैन, सुनील जसवानी, मनीष बजाज सहित सहयोगी संस्थाओं के प्राचार्यों, शिक्षकों तथा स्टाफ का महत्वपूर्ण योगदान रहा। मंच संचालन कृष्णकांत दीक्षित ने किया। आभार प्रदर्शन में पब्लिक इमेज चेयरमैन नितिन जैन ने कहा कि बच्चों को संस्कृति व संस्कारों से जोड़ना ही शिविर का मुख्य उद्देश्य था।

# नर्मदा किनारे लम्हेटाघाट क्षेत्र में नारियल की खेती का कमाल

अनिल पचौरी की जिद ने बदली खेती की तस्वीर



**नवभारत,जबलपुर।** समुद्र नहीं, नर्मदा किनारे करूँगा नारियल की खेती, यह जिद जबलपुर के प्रगतिशील किसान अनिल पचौरी की थी। लोगों का मानना था कि नारियल की खेती केवल समुद्री तटीय क्षेत्रों में ही संभव है, लेकिन अनिल पचौरी ने इस धारणा को गलत साबित कर दिया। रविवार को जबलपुर के लम्हेटाघाट क्षेत्र में उनकी 10 एकड़ भूमि पर लगे 2 हजार नारियल के पेड़ प्रतिदिन 300 से 400 नारियल का उत्पादन दे रहे हैं और शहर के विभिन्न हिस्सों में स्थानीय स्तर पर नारियल की आपूर्ति की जा रही है।

अनिल पचौरी बताते हैं कि उनका आंध्र प्रदेश आना-जाना लगा रहता था। वहां उन्होंने देखा कि कई किसान नारियल और मसाला फसलों की खेती से समृद्ध जीवन जी रहे हैं। किसानों की आर्थिक स्थिति देखकर उनके मन में सवाल उठा कि जब यह खेती दक्षिण भारत में सफल हो सकती है तो जबलपुर में क्यों नहीं? उन्होंने इस विषय पर गहन अध्ययन शुरू किया। शहर में जहां भी नारियल के पेड़ दिखाई देते, वे रुककर लोगों से उनकी जानकारी लेते। इस दौरान उन्हें यह समझ आया कि जबलपुर की जलवायु में भी नारियल के पौधे जीवित रह सकते हैं और उचित देखभाल के साथ उत्पादन दे सकते हैं।

## केरल में किसानों के बीच रहकर सीखी तकनीक

नारियल की खेती की बारीकियों को समझने के लिए अनिल पचौरी लगभग दो माह तक केरल में किसानों के बीच रहे। उन्होंने खेतों में उनके साथ काम किया और खेती की तकनीकों को व्यवहारिक रूप से सीखा। इस दौरान उन्होंने नारियल की फसल की आवश्यकताओं, सिंचाई प्रबंधन, पौध संरक्षण और पोषण संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियां हासिल कीं।

## नर्मदा किनारे मिली सफलता की जमीन

अनिल पचौरी के अनुसार अध्ययन के दौरान उन्हें पता चला कि नारियल के पौधों को अच्छी नमी और भूजल की उपलब्धता की आवश्यकता होती है। इसी आधार पर उन्होंने नर्मदा नदी के समीप लम्हेटाघाट क्षेत्र में वर्ष 2017 में 10 एकड़ भूमि पर 2 हजार लॉग वैरायटी के नारियल के पौधे लगाए। लगातार देखभाल, जैविक खाद के उपयोग और उचित सिंचाई व्यवस्था के कारण अब सात वर्ष बाद पेड़ों में भरपूर फल लगना शुरू हो गया है। बाजार में उनके नारियल की अच्छी मांग है और वर्तमान में उनके खेत से प्रतिदिन 300 से 400 नारियल की बिक्री हो रही है।



# सेवानिवृत्त 11 अधिकारियों, कर्मचारियों को दी विदाई

**नवभारत,जबलपुर।** सेवा निवृत्त हुये 11 अधिकारियों, कर्मचारियों को रविवार को भावभीनी विदाई दी गई। शाम 6 बजे पुलिस कन्ट्रोलरूम जबलपुर में 62 वर्ष की आयु पूर्ण करने पर उप निरीक्षक रविकरण सिंह बघेल थाना कोतवाली, कार्यवाहक उप निरीक्षक अम्बिका प्रसाद मिश्रा विशेख शाखा जबलपुर, सहायक उप निरीक्षक जय नारायण मिश्रा महिला सेल, कार्यवाहक सूबेदार राजेन्द्र सिंह मसराम, कार्यवाहक सहायक उप निरीक्षक केशव प्रसाद मिश्रा पुलिस लाईन, कार्यवाहक सहायक उप निरीक्षक गुलाब प्रसाद पाण्डे यातायात थाना मालवीय चौक, कार्यवाहक सहायक उप निरीक्षक मथुरा प्रसाद पौराणिक थाना सिहोरा, कार्यवाहक सहायक उप निरीक्षक रमापति तिवारी थाना यातायात मालवीय चौक, कार्यवाहक सहायक उप निरीक्षक विमल कुमार दुबे एमटी शाखा पुलिस लाईन, महिला प्रधान आरक्षक ललिता बड़गैंया आलम्बन शाखा, कार्यवाहक प्रधान आरक्षक जुगल किशोर राजपूत पुलिस लाईन को पुलिस अधीक्षक सम्पत उपाध्याय के मार्गदर्शन में एएसपी शहर अपराध जितेन्द्र सिंह, एएसपी यातायात सुश्री अंजना तिवारी, एएसपी ग्रामीण सूर्यकांत शर्मा द्वारा रक्षित निरीक्षक जय प्रकाश आर्य की उपस्थिति में सुखद स्वस्थ एवं दीर्घायु की कामना करते हुये स्मृति चिन्ह के साथ साथ अवकाश नगदीकरण, बीमा, पेंशन, ग्रेज्युटी, के दस्तावेज भेंट करते हुये भावभीनी विदाई दी गयी।

हादसा | पिपरतला बुढ़ार से दुधमनिया जा रही रहा था पिकअप वाहन, घायलों के लिए देवदूत बनी यातायात पुलिस

# पिकअप पलटी, 15 से अधिक घायल, मची अफरा-तफरी



**अनूपपुर, नवभारत 31 मई।** जिले में सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम और दुर्घटना संभावित स्थलों (ब्लैक स्पॉट) के निरीक्षण पर निकली यातायात पुलिस टीम ने मानवता और तत्परता का परिचय देते हुए सड़क हादसे में घायल लोगों की जान बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

जानकारी के अनुसार पुलिस अधीक्षक विक्रांत मुराब के निर्देश पर यातायात पुलिस की टीम करणपठार क्षेत्र में निरीक्षण कर रही थी। इसी दौरान लीलाटोला के पास पिपरतला बुढ़ार से दुधमनिया जा रही एक पिकअप वाहन अचानक अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में वाहन में सवार 15 से अधिक लोग घायल हो गए, जिससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई।

## सभी घायलों को मिला शीघ्र उपचार

अन्य घायलों को भी आवश्यक चिकित्सा सहायता प्रदान की गई। समय पर पहुंची यातायात पुलिस की मदद से सभी घायलों को शीघ्र उपचार मिल सका। राहत एवं बचाव कार्य के दौरान पुलिस ने दुर्घटना स्थल पर यातायात व्यवस्था भी सुचारू बनाए रखी। स्थानीय नागरिकों के सहयोग से घायलों को तेजी से अस्पताल पहुंचाया गया।

## बैल चोरी के आरोपी को पुलिस ने दबोचा



कोतवाली अनूपपुर पुलिस ने बैल चोरी के मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर चोरी किए गए तीनों बैल बरामद कर लिए हैं। जानकारी के अनुसार ग्राम करहीवाह निवासी कृषक टीकम कोल ने 30 मई को थाना कोतवाली अनूपपुर में रिपोर्ट दर्ज कराई कि बीती रात उनके घर के बाहर बंधे तीन बैल, जिनकी कुल कीमत लगभग 45 हजार रुपये है, अज्ञात व्यक्ति द्वारा चोरी कर लिए गए हैं। शिकायत पर थाना कोतवाली अनूपपुर में मामला पंजीबद्ध कर विवेचना शुरू की गई।

# गोविंदा कॉलोनी में गंदगी का अंबार



**कोतमा नवभारत 31 मई।** कालरी प्रबंधन अंतर्गत गोविंदा एवं भालूमाड़ा कॉलोनी में इन दिनों साफ-सफाई व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गई है। गंदगी और जलभराव के कारण क्षेत्र में लगातार मलेरिया जैसी गंभीर बीमारी फैलने का खतरा मंडरा रहा है।

स्थानीय निवासियों का कहना है कि यह समस्या कोई नई नहीं है, बल्कि लंबे समय से कॉलोनी वासी इस नारकीय जीवन को जीने को मजबूर हैं। ताजा मामला गोविंदा कॉलोनी वार्ड 12 का है, जहां नालियों से निकाला गया कचरा कई दिनों तक सड़कों और गलियों के किनारे ही पड़ा रहता है। जमीनी स्तर पर काम नहीं होने के कारण मच्छरों का प्रकोप अत्यधिक बढ़ गया है, जिससे स्थानीय लोग तेजी से मलेरिया और अन्य संक्रामक बीमारियों के शिकार हो रहे हैं।

## गंदगी से बजबजा रहीं नालियां

इस जमीनी हकीकत के विपरीत, जब संबंधित सफाई ठेकेदार से इस लापरवाही को लेकर बात की गई, तो उनका रटा-रटाया जवाब था कि 'हमारे द्वारा नियमित सफाई की जाती है, लेकिन मौके पर पसरी गंदगी, बजबजाती नालियां और रास्तों को घेरे खड़ी झाड़ियां ठेकेदार के दावों की पोल खोलने के लिए काफी हैं। साफ तौर पर देखा जा सकता है कि ठेकेदार द्वारा लगातार घोर लापरवाही बरती जा रही है।